# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

23 सितंबर 2024, सोमवार

**<u>केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा हरियाणा के टोहाना एवं जगाधरी में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>**

हरियाणा में जनता के आशीर्वाद से लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी।
***********

कांग्रेस पार्टी दलित विरोधी पार्टी है, इसने हमेशा दलित नेताओं का अपमान किया है
***********

हरियाणा चुनाव में एक ओर भरोसेमंद भाजपा है, तो दूसरी ओर भ्रष्ट कांग्रेस
***********

हरियाणा में मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए रणदीप सुरजेवाला और कुमारी शैलजा के बाद अब बड़े हुड्डा और छोटे हुड्डा में भी घमासान हो रहा है।
***********

कांग्रेस की सरकार में दिल्ली के दामाद को खुश करने के लिए हरियाणा के किसानों की भूमि कौड़ियों के भाव दे दी
***********

हुड्डा सरकार में डीलरों, दामाद और भ्रष्टाचार का दबदबा था। भाजपा ने इसे ख़त्म किया।
***********

कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार, जातिवाद और परिवारवाद के अलावा कुछ नहीं कर सकती ।
***********

जिनको **10** साल से भ्रष्टाचार करने का मौका नहीं मिला है, वे दिल्ली में बैठ कर राह देख रहे हैं कि कब हरियाणा में भ्रष्टाचार करने का मौका मिले।
***********

राहुल गाँधी देश को तोड़ने और देश को बदनाम करने का एजेंडा चलाना चाहते हैं लेकिन देश ने मोदी जी का विकास वाला एजेंडा अपना लिया है
***********

हुड्डा सरकार में बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी नहीं मिलती थी, भाजपा सरकार ने बिना खर्ची-पर्ची के पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती की।
***********

कांग्रेस को जिताने का मतलब है **-** युवाओं से **25-30** लाख रुपए लेकर नौकरियां देना और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना।
***********

सिखों का अपमान करने का कांग्रेस पार्टी का एक लंबा इतिहास रहा है।
***********

राहुल बाबा, अपनी रैलियों में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगवाकर आप किसे खुश करना चाहते हो**?**
***********

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज सोमवार को हरियाणा के टोहाना एवं जगाधरी में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए प्रदेश की जनता से हरियाणा में विकास की गति और तेज करने के लिए फिर से एक बार भाजपा सरकार बनाने का आह्वान किया। टोहाना के कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री मोहन लाल बड़ौली, टोहाना से भाजपा प्रत्याशी श्री देवेंद्र बबली तथा रतिया से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुनीता दुग्गल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे

जबकि जगाधरी में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, इलाके के सभी भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर पाल गुर्जर, श्री घनश्याम दास अरोड़ा, श्री श्याम सिंह राणा, श्री बलवंत सिंह सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि हरियाणा में पहले केवल दो दलों की सरकारें आती थी और जाती थी। एक दल की सरकार आती थी तो भ्रष्टाचार बढ़ता था और दूसरे दल की सरकार आती थी, तब गुंडागर्दी बढ़ती थी। हरियाणा में भाजपा की सरकार आने से पहले परिवारवाद और जातिवाद चरम सीमा पर था। भाजपा ने प्रदेश से भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी को समाप्त कर पहली बार पूरे हरियाणा की सरकार बनायी है। भारतीय जनता पार्टी ने विकसित हरियाणा का संकल्प लिया और 3700 करोड़ रुपए से सड़कों का जाल बिछा दिया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हरियाणा मे 47 हजार करोड़ रुपए की 51 परियोजनाएं पूरी की है। 35 हजार करोड़ रुपए की 30 परियोजनाएं प्रगति पर है और 20 हजार करोड़ रुपए का डीपीआर बन चुका है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार आने से पहले हरियाणा में खर्ची और पर्ची पर नौकरी मिलती थी। भारतीय जनता पार्टी ने हजारों युवाओं को बिना खर्ची और पर्ची की सरकारी नौकरियां दी। भाजपा ने पारदर्शिता से युवाओं को नौकरियां दी है। कांग्रेस पार्टी दलित विरोधी पार्टी है। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को याद होगा कि **2005** में टोहाना कांड हुआ जिसके लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। **2010** में मिर्चपुर कांड हुआ तो उसके लिए भी कांग्रेस सरकार ही जिम्मेदार थी। सरकारी नौकरियों का परीक्षा परिणाम आने पर नॉट फाउंड फॉर सुटेबल लिखकर कांग्रेस ने दलितों, आदिवासी और ओबीसी को आरक्षण से वंचित रखा। यही नहीं, कांग्रेस ने हमेशा से दलित नेताओं का भी अपमान किया है चाहे अशोक तंवर हो या बहन कुमारी शैलजा हो।

श्री शाह ने कहा कि जब तक देश में कांग्रेस की सरकार रही. तब तक संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी भारत रत्न नहीं दिया गया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बाबा साहेब के लिए पंच तीर्थ बनाया और संविधान दिवस मनाने की घोषणा की। राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा है कि विकास होने के बाद आरक्षण को हटा देंगे। हरियाणा तो विकसित है, तो क्या प्रदेश के ओबीसी, दलित और आदिवासियों को आरक्षण चाहिए या नहीं चाहिए**?** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही एससी और एसटी के अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं। एक ओर राहुल गांधी आरक्षण को समाप्त करने की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर सीएम श्री नायब सिंह सैनी क्रीमी लेयर को बढ़ाकर आरक्षण देने की बात कर रहे हैं। दो पार्टियों के बीच में यह फर्क है। राहुल बाबा**!** यह सुन लो, जब तक भारतीय जनता पार्टी है आरक्षण समाप्त करने नहीं देगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हरियाणा वीरों की भूमि है। छोटे से प्रदेश से देश के हर 10वें जवान को हरियाणा की मां भेजती है। देश भर के लोग हरियाणा की मातृशक्ति को प्रणाम करते हैं, जो देश की सुरक्षा के लिए अपने नौनिहालों को भारतीय सेना में भेजती हैं। पिछले **40** सालों से हमारे जवान वन रैंक वन पेंशन की मांग करते थे। मगर कांग्रेस के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। वर्ष **2014** में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनी और **2015** में 'वन रैंक, वन पेंशन' को लागू कर देश के जवानों को सम्मान दिया। इसका तीसरा संस्करण लागू हो चुका है अर्थात तीन बार 'वन रैंक, वन पेंशन' में बढ़ोत्तरी की गयी है।

श्री शाह ने कहा कि हथिन से पलवल तक कांग्रेस की रैलियां होती है जिसमें पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते हैं। मैं टीवी पर कांग्रेस की रैली में लगने वाले नारे सुनकर और देखकर बहुत चिंतित हूं। राहुल गांधी ऐसे नारे लगाने वालों को रोकते भी नहीं हैं। जिस पार्टी की सभा में पाकिस्तान जिंदाबाद का नारे लगे, तो हरियाणा के लोग उसके साथ रह सकते हैं क्या? राहुल बाबा**!** आप अपनी पार्टी की सभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगवाते हो, आखिर किसको खुश करना चाहते हो**?** यह हरियाणा है, यहां से नौनिहालों ने देश की रक्षा के लिए अपना खून बहाया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी नेशनल कांफ्रेंस के साथ जाकर जम्मू एवं कश्मीर में कहते हैं कि धारा**-370** को फिर से वापस लाएंगे। वे कहते हैं कि हम सभी आतंकवादियों को जेल से छोड़ देंगे। टोहाना वालों, बताओ कि क्या धारा**-370** लानी चाहिए**?** आतंकवादियों को जेल से छोड़ना चाहिए क्या**?** राहुल बाबा**!** आप तो क्या आपके तीसरी पीढ़ी भी आ जाए, तब भी धारा **370** वापिस नहीं आएगा। यह इतिहास बन गया है, पंडित नेहरू के समय में धारा-370 ने जम्मू-कश्मीर पर सवालिया निशान लगाया था। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उस सवालिया निशान हटा दिया है।

श्री शाह ने कहा कि जब केंद्र और हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, तब दिल्ली के दामाद को खुश करने के लिए हरियाणा के किसानों की भूमि कौड़ियों के मोल दे दी और बड़े-बड़े भ्रष्टाचार किए। उस वक्त हुड्डा सरकार में

डीलरों, दामाद और भ्रष्टाचार का दबदबा था। भाजपा ने डीलरों और दामाद वाली सरकार को समाप्त कर दिया। हुड्डा साहेब ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में दावा किया है कि युवाओं को नौकरियां देंगे। भारतीय जनता पार्टी ने बिना खर्ची-पर्ची के युवाओं को नौकरी दी है और आगे भी देगी लेकिन हुड्डा साहेब बताएं कि ये नौकरियां किसको दोगे? जो युवा योग्य हैं, उसको दोगे या जो युवा आपको खर्ची देता है और आपके पास जिसका पर्ची है उसे दोगे? कांग्रेस को जिताने का मतलब है - युवाओं से **25-30** लाख रुपए लेकर नौकरियां देना और प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना। भाजपा को जिताने का मतलब है कि डाकिए को सगुन का **100** रुपए देना जो आपका नियुक्ति पत्र आपके घर पहुंचा देगा। इस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन चलाया है जबकि कांग्रेस के एक नेता कहते हैं कि बिना घपले-घोटाले के कांग्रेस की सरकार नहीं चल सकती है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हरियाणा से सटा राज्य पंजाब है। पूरा देश सिख गुरुओं पर नाज करता है। दशम पिता का सम्मान हर घर में होता है। राहुल गांधी अमेरिका में कहते हैं कि सिखों को भारत में पगड़ी और कड़ा-कृपाण पहनने की स्वतंत्रता नहीं है। सिखों को भारत में गुरुद्वारा जाने की अनुमति नहीं है। राहुल बाबा! कौन से भारत में जीते हो! यहां सिर्फ सिख भाई ही नहीं, हम सब लोग बड़े शान से गुरुद्वारा जाते हैं, पगड़ी पहन कर श्री गुरुग्रंथ साहेब का मत्था टेकते हैं। राहुल गांधी, सिखों और भारत को क्यों अपमानित करते हो? यह सब कहां से सीखकर आए हो? हम सब सिख पंथ का सम्मान करते हैं। सिख पंथ का अपमान करने का इतिहास कांग्रेस और गांधी परिवार का रहा है। **1984** में कांग्रेस सरकार में दिल्ली दंगे हुए। हजारों सिखों का सड़कों पर कत्लेआम हुआ। दंगाइयों ने बच्चों एवं माताओं को भी नहीं बख्शा था। उस वक्त राहुल गांधी के पिता जी, तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गाँधी जी ने कहा था कि बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती ही है। राहुल गांधी, पगड़ी पहनकर गुरुद्वारा जाओ और सिख भाई-बहनों से माफी मांगों। कांग्रेस पार्टी ने सिखों का हमेशा अपमान किया है चाहे हरमंदिर साहिब का सिखों का नरसंहार हो। कांग्रेस ने तो प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का भी अपमान किया।

कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करने के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा। मुस्लिम बहनों के हित में तीन तलाक कब का हट जाना चाहिए था लेकिन कांग्रेस पार्टी ने तीन तलाक को नहीं हटाया, उलटे कांग्रेस तीन तलाक को हटाने का विरोध करती है। कांग्रेस ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का विरोध किया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से आतंकवाद को ख़त्म किया लेकिन कांग्रेस पार्टी इसका भी विरोध करती है। राहुल गाँधी जी, कितना भी उछल-कूद कर लो, देश का एजेंडा नहीं बदलने वाला है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश का एजेंडा सेट कर दिया है।

श्री शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा को धुआं मुक्त बनाया है। पढ़ी-लिखी पंचायत दी है। बासमती चावल में हरियाणा देश का सबसे बड़ा निर्यातक बना है। कांग्रेस पार्टी केवल एमएसपी की बात करती है किसी अंग्रेज ने एमएसपी लिखकर दे दिया है, क्या एमएसपी का फूल फार्म भी उन्हें मालूम है? राहुल बाबा की जब देश में सरकार थी तब कांग्रेस की सरकार ने एमएसपी पर कितनी खरीदी की, इसका हिसाब लेकर आ जाओ, भाजपा प्रत्याशी श्री देवेंद्र सिंह बबली चौराहे पर आकर हिसाब किताब दे देगा। हरियाणा में भाजपा सरकार ने सबसे ज्यादा 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा है। भावांतर योजना भी किसानों का कल्याण करती है। गांवों में लाल डोरे का समाप्त करने वाला और मालिकाना हक देने वाला पहला राज्य हरियाणा है। पंचायतों में माताओं-बहनों की 50% भागीदारी देने वाला पहला राज्य हरियाणा है। गांवों के हर घर में नल से पेयजल पहुंचाने वाला राज्य हरियाणा है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि फतेहाबाद तीन विधानसभा क्षेत्रों का जिला है। मोदी जी ने केवल फतेहाबाद में पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत 75 करोड़ रुपए की लागत से 187 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कराया। किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के एक लाख किसान लाभार्थियों को दो सौ करोड़ रुपए दिए गए हैं। सिंचित भूमि में अतिरिक्त 1,900 हेक्टर भूमि में सिंचाई की सुविधा दी गयी। 700 मेगावाट के दो स्वदेशी रिएक्टर बनाए गए। रेहड़ी-पटरी वालों को लगभग 5.50 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया। 62 हजार घरों में नल से पेयजल पहुंचाया गया। हर घर में शौचालय, हर घर में गैस सिलिंडर और हर घर में बिजली पहुंचाया गया। 580 स्कूलों में शौचालय और पानी पहुंचाया गया। कांग्रेस बताये कि उसने आजादी के बाद से हरियाणा में लोगों के लिए क्या किया है? इसका हिसाब लेकर आओ, तब भी भारतीय जनता पार्टी का पलड़ा भारी रहेगा। भाजपा सरकार ने यहां के अमरूद को जीआई टैग देकर विश्व के बाजार में पहुंचाया है।

श्री शाह ने भाजपा के संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ओबीसी, एससी और ईडब्ल्यूएस के छात्रों के कोचिंग के लिए मुफ्त आवास उपलब्ध कराएगी। फतेहाबाद में नया मेडिकल कॉलेज खोलेंगे। विश्वकर्मा योजना के तहत कौशल विकास के कार्य शुरू करेंगे। सौ बिस्तर वाले अस्पताल को अपग्रेड कर दो सौ बिस्तर वाला बनाएंगे।

आबादी के हिसाब से यहां एक बहुत बड़ा सभागार भी बनाएंगे। ओलंपिक की नर्सरी भी बनाएंगे। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तय किया है कि चुनाव के बाद हर माता-बहन के एकाउंट 2,100 रुपए का चेक भेजेंगे। हरियाणा के माताओं को 500 रुपए में गैस सिलिंडर मिलेगा। आइएमटी खरखौदा की तर्ज पर फतेहाबाद को आधुनिक शहर बनाएंगे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आयुष्मान भारत योजना के तहत हर परिवार को पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की सुविधा देते हैं। अब हरियाणा में दस लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। अगर घर में बुजुर्ग है तो हरेक परिवार को 15 लाख रुपए तक की मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। राज्य के 24 फसलों को पूर्ण एमएसपी पर खरीदारी होगी। भाजपा दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और पांच लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी। प्रमोशन योजना से मासिक स्टाइपेंड दिया जाएगा। 5 लाख गरीबों के लिए पक्का घर बनवाया जाएगा।
अव्वल बालिका योजना के तहत कॉलेज में पढ़ने वाली प्रत्येक छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि राहुल बाबा अग्निवीर योजना को लेकर युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा सरकार बनने पर हरियाणा के हर अग्निवीर को सरकारी नौकरी दी जाएगी तथा केंद्र एवं राज्य सरकार पेंशन देगी। नयी वंदे भारत ट्रेन चलाएंगे। भाजपा की प्रदेश सरकार मेडिकल और इंजीनियरिंग पढ़ने वाले एससी और ओबीसी छात्रों को 25 लाख रुपए की ऋण की गारंटी देगी। जिनको दस साल से भ्रष्टाचार करने का मौका नहीं मिला है वो दिल्ली में बैठ कर राह देख रहे हैं कि कब उन्हें हरियाणा में भ्रष्टाचार करने का मौका मिले। क्या हरियाणा को कमीशनखोरों के हवाले करना है? क्या कांग्रेस पार्टी हरियाणा में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दे सकती है? कांग्रेस पार्टी किसानों और दलितों का सम्मान नहीं कर सकती है। पिछले 10 साल से भाजपा ने हर गांव का विकास किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की केंद्र में सरकार आ गयी है और हरियाणा में भी कमल फूल की सरकार बनाइए। यह डबल इंजन सरकार हरियाणा को देश का नंबर वन प्रदेश बनाएगी।

***********************